

# गांव में सुकून के पल बिताने बने बेहतरीन होमस्टे

## मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड जनजातीय पर्यटन ग्रामीण संस्कृति एवं इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी और बकवा के स्थानीय समुदाय ने बनाया होमस्टे

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड जनजातीय पर्यटन ग्रामीण संस्कृति एवं इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी और बकवा के स्थानीय समुदाय द्वारा गांव में बनाये गये होमस्टे सुकून भरे पल बिताने के लिए बेहतरीन है। शासन की इस पहल से गांव के लोगों को रोजगार मिलेगा।**

परियोजना के क्रियान्वयन में इन्द्रवती नाट्य समिति सीधी ने सहयोगी संस्था तथा जरब जनजातीय पर्यटन, शिक्षा एवं लोक कला विकास समिति, बकवा ने स्थानीय स्तर पर मुख्य संयोजन की भूमिका निभाई। शहर की भागदौड़ और शोर-शराबे से दूर गांव की शांत आबोहवा, प्राकृतिक सुंदरता और जनजातीय जीवनशैली के बीच सुकून के पल बिताने का अवसर अब पर्यटकों को सीधी जिले के



बकवा में मिलेगा। म.प्र. टूरिज्म बोर्ड द्वारा जनजातीय पर्यटन, ग्रामीण संस्कृति के संरक्षण तथा स्थानीय समुदाय की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत बकवा में विकसित होमस्टे परियोजना के तहत प्रथम चरण के छह होमस्टे का संचालन शुरू कर दिया गया है। कुल 10 होमस्टे विकसित किए जाने हैं। इस पहल से जहां पर्यटकों को ग्रामीण परिवेश का अनुभव मिलेगा, वहीं स्थानीय परिवारों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

परियोजना के प्रथम चरण में जिन 6 होमस्टे का लोकार्पण किया गया है उनमें घोटिहारी होमस्टे के हितग्राही संसार सिंह, सइलाडंडा होमस्टे के लल्लू सिंह, करमा होमस्टे के वरुण सिंह, संगम होमस्टे के जगन्नाथ जायसवाल, सुआ छपइया होमस्टे के चंद्रभान सिंह तथा डमरू होमस्टे के कृष्ण प्रताप सिंह शामिल हैं। होमस्टे के संचालन से स्थानीय परिवार सीधे पर्यटन गतिविधियों से जुड़ेंगे और अपनी आय बढ़ा सकेंगे।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती : डॉ.राजेश



सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि होमस्टे परियोजना जनजातीय अंचल की प्राकृतिक सुंदरता, संस्कृति और परम्पराओं को देश-विदेश के पर्यटकों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेगी। इससे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

### सांस्कृतिक विरासत बड़ी पहचान : टेकाम



धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि जनजातीय समाज की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक जीवनशैली इस क्षेत्र की सबसे बड़ी पहचान है। होमस्टे परियोजना पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ स्थानीय युवाओं और परिवारों की आय में वृद्धि कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मिलावटी दूध की शुरू हुई जांच, 21 सेंपलों में 2 मिले अपमिश्रित

## संजय गांधी महाविद्यालय के पास हुई जांच



नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। कलेक्टर सीधी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा आज अपने टीम के साथ संजय गांधी महाविद्यालय के समीप विक्रेताओं के दूध की सेम्पल लेकर जांच कार्रवाई की गई। सुबह हुई जांच के दौरान कुल 10 विक्रेताओं से 21 दूध के सेम्पल लिए गए।**

खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश लोधी की मौजूदगी में जांच में दो सेंपल अपमिश्रित मिले। जिनके नमूने को प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजा जा रहा है। वहीं जांच में 19 सेम्पल सही मिले। संजय गांधी कॉलेज के पास जांच टीम आज सुबह से ही पूरी मुस्तैदी के साथ तैनात थी जो भी विक्रेता दूध लेकर निकल रहे थे उनको रोंककर मौके पर ही उपकरणों से नमूना की जांच की गई। टीम द्वारा बताया गया कि 2 सितम्बर से शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में सुबह टीम द्वारा दूध की जांच की जा रही है। यह जांच कार्रवाई शहर में लगातार चलेगी।

जांच के दौरान दूध के जो सेम्पल अपमिश्रित मिलेंगे उनको प्रयोगशाला जांच के लिए भोपाल भेजा जाएगा। वहां से जांच रिपोर्ट विस्तार से मिलने के पश्चात सेम्पल फेल होने पर प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में मामला प्रस्तुत किया जाएगा।

# जिले की 3 स्वास्थ्य संस्थाओं को एनक्यूएएस गुणवत्ता प्रमाण पत्र

## एक संस्था पूर्ण क्वालिफाइड, दो सशर्त क्वालिफाइड, 12 सेवाओं का हुआ था भौतिक मूल्यांकन

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। स्वास्थ्य संस्थाओं में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए भारत सरकार के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के लिए चिन्हित संस्थाओं का भौतिक मूल्यांकन किया गया था।**

यह मूल्यांकन 20, 21 और 22 अगस्त को रायपुर के डॉ.दिनेश कुमार एवं दिल्ली के डॉ.शेर सिंह कक्कड़ द्वारा 12 सेवाओं पर किया गया था। भारत सरकार द्वारा 1 सितम्बर 2026 को परिणाम प्रकाशित किया गया। इस परिणाम में सीधी जिले की तीन संस्थाओं को गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। आयुष्मान आरोग्य मंदिर जामोड़ी ने 86.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूर्ण गुणवत्ता प्रमाण पत्र हासिल किया है जिसका मूल्यांकन 22 अगस्त को किया गया था। आयुष्मान आरोग्य मंदिर ऐंठी ने 83.33 प्रतिशत अंक और आयुष्मान आरोग्य मंदिर बल्हया ने 84.77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सशर्त गुणवत्ता प्रमाण पत्र हासिल किया है। इन दोनों संस्थाओं का प्रमाणीकरण 6 माह की वैधता के साथ दिया गया है। इनका मूल्यांकन क्रमशः 20 और 21 अगस्त को किया गया था।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अशोक कुमार खरे ने बताया कि यह जिले के लिए गौरव की बात है। हमारी टीम के कठिन परिश्रम से यह सफलता मिली है। सशर्त प्रमाणीकरण प्राप्त संस्थाओं में पाई गई कमियों को शीघ्र दूर कर पूर्ण प्रमाणीकरण प्राप्त किया जाएगा। भविष्य में जिले की समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में योग्य बनाया जाना है जिसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को कार्य योजना बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में विभागों एवं बैंकों के बीच आवश्यक है बेहतर समन्वय : विकास

## विशेष डीएलसीसी बैठक में शासकीय ऋण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, कलेक्टर ने बैंक एवं विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। जिला पंचायत सभागार में कलेक्टर विकास मिश्रा की अध्यक्षता में विशेष जिला स्तरीय बैंकर्स समिति ( डीएलसीसी ) की बैठक शनिवार आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न शासकीय ऋण योजनाओं तथा बैंकिंग गतिविधियों की प्रगति की विभागवार एवं बैंकवार समीक्षा की गई।**



कलेक्टर विकास मिश्रा ने विभिन्न विभागों एवं बैंकों द्वारा शासकीय ऋण योजनाओं के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अर्धवार्षिक लक्ष्यों की समय-सीमा में प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने में विभागों एवं बैंकों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय पर ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाली मध्यांचल ग्रामीण बैंक की जमोड़ी शाखा को आजीविका मिशन के अंतर्गत सीसीएल ऋण के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने पर मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कलेक्टर ने बैंक शाखा द्वारा किए गए कार्य की सराहना करते हुए अन्य बैंक शाखाओं को भी शासकीय योजनाओं के लक्ष्यों की प्रभावी पूर्ति के लिए प्रेरित किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी सौम्या आनन्द ने भी बैठक में उपस्थित विभागीय अधिकारियों एवं बैंक शाखा प्रबंधकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।

उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विभागों और बैंकों के मध्य समन्वय बढ़ाने तथा हितग्राही-केन्द्रित कार्यप्रणाली अपनाने पर जोर दिया। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवेंद्र कुमार चौधरी, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड देवेश कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम पुष्पेन्द्र सिंह सहित विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारी एवं जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### आदर्श सरस्वती निवास में शिक्षकों का सम्मान

**सीधी।** शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर आदर्श सरस्वती हायर सेकेण्डरी स्कूल निवास में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों के सम्मान, विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों एवं भावपूर्ण क्षणों ने वातावरण को यादगार बना दिया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर कमलेश गुप्ता ने सभी शिक्षक जनों को डायरी एवं कलम देकर सम्मान करते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान नहीं देते बल्कि हमारे जीवन को सही दिशा देकर सफलता की राह दिखाते हैं। सभी सम्माननीय शिक्षकों को उनके समर्पण, परिश्रम और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए किए जा रहे अथक प्रयासों हेतु हृदय से नमन एवं हार्दिक शुभकामनायें।



### श्रीमद्भागवत में छप्पन भोग का हुआ वितरण



**सीधी।** गायत्री मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा प्रवक्ता पंडित बांके बिहारी शास्त्री ने मुख्य रूप से भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोचरण लीला, कालिया नाग मर्दन और गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया। कथा व्यास ने कहा कि बाल कटाव के दौरान अघासुर राक्षस का उद्धार और गोपियों का चीर हरण हुआ। यमुना नदी में रहने वाले कालिया नाग का मान मर्दन कर उसे रमण द्वीप भेजा। ब्रजवासियों द्वारा इंद्र देव के अहंकार को तोड़ने के लिए गोवर्धन पर्वत की पूजा का आयोजन और श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठिका अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की। कथा में महेन्द्र सराफ, धीरेंद्र सिंह परिहार, अवधेश सोनी, कैलाश सोनी, श्रीमती पिंकू सोनी, श्रीमती विमला पटेल, श्रीमती आरती मिश्रा, श्रीमती मीनू सिंह चौहान, कुसुम सिंह, सुषमा गुप्ता, बीना जायसवाल, रश्मि गुप्ता, दीपमाला केसरी, राजू मौर्य, राजेश सहित सैकड़ो श्रद्धालु भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं।

### राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक का हुआ अभिनंदन



**सीधी।** 5 सितम्बर शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश स्तरीय राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित होकर गृह जिला सीधी वापस आते समय सतीश कुमार पांडे पूर्व प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बम्हनी एवं जिलाध्यक्ष मध्यप्रदेश शिक्षक संघ सीधी का जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया गया। बता दे कि सतीश कुमार पाण्डेय का चयन उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2026 हेतु चयन किया गया था। जिस पर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला रीवा के पदाधिकारियों द्वारा रेल्वे स्टेशन, ब्लाक रामपुर नैकिन सीधी के पदाधिकारी द्वारा जनपद कार्यालय के सामने, ग्राम बम्हनी के शिक्षक अभिभावक एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा सैकड़ो के तादात में रीवा-सीधी मार्ग में, प्राइवेट विद्यालय एसोसिएशन सीधी द्वारा टोल प्लाजा सीधी, साईं ज्योति विद्यालय पनवार एवं मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी द्वारा तोरण द्वार के सामने भव्य वाहन रैली, बैंड बाजाए पुष्प माले के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही राज्य स्तरीय पुरस्कार प्राप्त राकेश कुमार द्विवेदी का भी स्वागत अभिनंदन हुआ।

# एकलव्य स्कूल के 2 छात्र राज्य स्तरीय कुश्ती के लिए सीहोर रवाना

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। जिले के एकलव्य पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल हड़बड़ो के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने खेल जगत में एक बार फिर स्कूल और पूरे जिले का नाम रोशन किया है।**



70वीं शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत सतना में आयोजित संभाग स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में विद्यालय के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। अपने शानदार खेल कौशल की बदौलत इस विद्यालय के 2 छात्र-छात्राओं का चयन सीधे 19 वर्ष कुश्ती राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था। जिसमें दोनो छात्र सीहोर में होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपने खेल का प्रदर्शन करने के लिए आज रवाना हुए हैं। विद्यालय प्रबंधन ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन की बदौलत यह मुकाम हासिल किया है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन आगे नेशनल स्कूल गेम्स के लिए किया जाएगा। सीधी जिले के खेल प्रेमियों और प्रबुद्ध जनों ने इन होनहार खिलाड़ियों को आगामी राज्य स्तरीय कुश्ती में शानदार प्रदर्शन कर नेशनल का टिकट पक्का करने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

# शिक्षक दिवस पर बॉक्सिंग-कराते ट्रेनिंग सेंटर में हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस के अवसर पर सीधी जिला बॉक्सिंग संघ एवं सीधी जिला कराते संघ के संयुक्त तत्वाधान में बॉक्सिंग-कराते ट्रेनिंग सेंटर में शिक्षक दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वॉलीबॉल के राष्ट्रीय रेफरी एवं कोच राजबहोरन सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने मुख्य अतिथि द्वारा डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित करके किया गया। इसके पश्चात खेल शिक्षक रवि मिश्रा, रोशन जायसवाल, संदीप पटेल शिक्षक, संध्या मिश्रा सचिव जिला कराते संघ एवं माखन मिश्रा सचिव जिला बॉक्सिंग संघ तथा कराते कोच द्वारा मुख्य अतिथि राजबहोरन सिंह का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जीवन एवं उनके विचारों से खिलाड़ियों को अवगत कराते हुए कहा कि शिक्षक समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। खेल के क्षेत्र में भी गुरु और कोच का महत्वपूर्ण स्थान होता है। इस दौरान ट्रेनिंग सेंटर के खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं संघ की पूरी टीम उपस्थित रही।

# 36 उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण, 7 संयुक्त जांच दलों ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देश पर 5 सितम्बर को मझौली विकासखंड में संचालित 36 शासकीय उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण किया गया।**



कलेक्टर द्वारा 3 सितम्बर को आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में खाद्य, सहकारिता, नागरिक आपूर्ति निगम एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारियों को शामिल करते हुए 7 संयुक्त जांच दल गठित किए गए थे। अभियान के दौरान जांच दलों ने उचित मूल्य दुकानों की संचालन व्यवस्था, उपलब्ध खाद्यान्न, वितरण प्रक्रिया तथा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। दलों द्वारा उपभोक्ताओं से सीधे संवाद कर दुकान की व्यवस्थाओं एवं खाद्यान्न वितरण के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त किया गया। निरीक्षण के दौरान दुकानों में खाद्यान्न की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं को शासन की योजनाओं के अनुरूप खाद्यान्न प्राप्त होने की स्थिति की जानकारी ली गई। जांच दलों ने मौके पर उपभोक्ताओं से चर्चा कर उनकी समस्याओं एवं अनुभवों को भी जाना। कलेक्टर विकास मिश्रा ने सभी जांच दलों को निरीक्षण के उपरांत प्रतिवेदन सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण में जिन उचित मूल्य दुकानों पर अनियमितता पाए जाने की पुष्टि होगी, वहां संबंधित दुकान संचालक एवं प्रबंधक के विरुद्ध कार्रवाई के लिए प्रकरण सक्षम अधिकारी को भेजा जाएगा। अभियान का उद्देश्य उचित मूल्य दुकानों की व्यवस्थाओं में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की खाद्य योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से उपलब्ध कराना है।

# नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं को सिविल दायित्व की राशि एवं ब्याज में मिलेगी विशेष छूट

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयागलाल दिनकर के मार्गदर्शन में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर को किया जाएगा। लोक अदालत जिला न्यायालय सीधी के साथ सिविल न्यायालय चुरहट, रामपुर नैकिन एवं मझौली में आयोजित होगी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए पात्र विद्युत उपभोक्ताओं को विशेष छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू एवं कृषि उपभोक्ता, 5 किलोवाट भार तक के गैर-घरेलू उपभोक्ता तथा 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ता इस छूट का लाभ ले सकेंगे। प्री-लिटिगेशन स्तर के प्रकरणों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि में 30 प्रतिशत तथा निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात 16 प्रतिशत की दर से छःमाही चक्रवृद्धि आधार पर लगने वाले ब्याज की में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

# पुलिस ने नाशिक से 2 नाबालिग बालिकाओं को किया दस्तयाब

## दो अलग-अलग स्थानों से 16 वर्षीय बालिकाएं हुई थीं लापता, 21 मई और 23 अगस्त को दर्ज हुए थे प्रकरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 सितम्बर। पुलिस अधीक्षक सीधी संतोष कोरी के निर्देशन, एएसपी श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी चुरहट रविप्रकाश के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में थाना रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी हेतु लगातार किए जा रहे प्रयासों में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।**



थाना रामपुर नैकिन पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में लापता हुई 2 नाबालिग बालिकाओं को नाशिक महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब किया गया। पुलिस टीम ने लगभग 2600 किमी. की दूरी तय कर दोनों बालिकाओं को दस्तयाब किया तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई उपरांत उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। दोनों प्रकरणों में नाबालिग बालिकाओं की सकुशल दस्तयाबी में थाना प्रभारी रामपुर नैकिन निरीक्षक सुधांशु तिवारी, एएसआई संदीप वर्मा, अनंतलाल प्रजापति, प्रधान आरक्षक महेन्द्र विश्वकर्मा, महेन्द्र तिवारी, महिला आरक्षक अंजली सिंह एवं साइबर टीम सीधी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सीधी पुलिस द्वारा गुमशुदा एवं नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तकनीकी साक्ष्यों, सतत निगरानी एवं मैदानी प्रयासों के माध्यम से लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

### प्रकरण क्रमांक-01

ग्राम झांझ थाना रामपुर नैकिन निवासी फरियादी द्वारा अपनी 16 वर्ष 9 माह की नाबालिग पुत्री के बिना बताए घर से चले जाने तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की सूचना दी गई थी। रिपोर्ट पर दिनांक 21 मई 2026 को थाना रामपुर नैकिन में धारा 137( 2 ) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना एवं लगातार पता तलाश के दौरान पुलिस टीम द्वारा 5 सितम्बर 2026 को नाबालिग बालिका को नाशिक महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब किया गया। आवश्यक कार्यवाही के पश्चात बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

### प्रकरण क्रमांक-02

ग्राम पड़खुरी थाना रामपुर नैकिन निवासी फरियादिया द्वारा अपनी 16 वर्ष 5 माह की नाबालिग पुत्री के बिना बताए घर से चले जाने तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट पर दिनांक 23 अगस्त 2026 को थाना रामपुर नैकिन में धारा 137( 2 ) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी एवं मैदानी स्तर पर पता तलाश करते हुए 5 सितम्बर 2026 को नाबालिग बालिका को नाशिक महाराष्ट्र से सकुशल दस्तयाब किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही उपरांत बालिका को उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।